हरिभूमि

जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 1 अक्टूबर 2026

[पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा]

तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 19.2 डिग्री

4

बच्चों की मजबूत शैक्षणिक नींव के लिए सीखने और पढ़ने की स्किल्स जरूरी





खबर संक्षेप

नगर में बने ज्यादातर शौचालय बदहाल



जशपुरनगर। शहर के अंदर बने ज्यादातर शौचालय की स्थिति खराब है। कहीं पानी नहीं तो कई शौचालय खोले ही नहीं जाते। इस विषय पर लगातार नागरिक आवाज उठाते हैं मगर विभाग ध्यान नहीं देता। सरकार की योजना की यहां खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। शहर में बने कुछ शौचायल जहां आए दिन बदहाली का आलम देखा जा सकता है। रंजिता स्टेडियम के पीछे, बिजली ऑफिस के सामने कलेक्ट्रेट कॉम्प्लेक्स के पीछे, पुरानी टोली मार्ग पर इस तरह से अन्य शौचालय के हाल हैं जिन्हें नगर सरकार अनदेखा कर रही है।

जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संस्था ने किया सुको के फैसले का स्वागत

जशपुरनगर। जशपुर में बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए जमीनी अभियान चला रहे समर्पित जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का स्वागत किया है, जिसमें उसने केंद्र से इस संभावना पर विचार करने को कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए ऐसे वैधानिक नियम बनाए जाएं, जिनके तहत उनके लिए नाबालिगों से संबंधित भारतीय कानूनों का पालन करना अनिवार्य हो।

सियान आइडल स्पर्धा का फाइनल 1 अक्टूबर को

जशपुरनगर। जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग जशपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं जशपुर सियान आइडल फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन 1 अक्टूबर 2026 को प्रातः 11 बजे से न्यू कम्युनिटी हॉल, बालाजी मंदिर के सामने, जशपुर में किया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक जशपुर रायमुनी भगत होंगी, जबकि अध्यक्षता विधायक पत्थलगांव एवं उपाध्यक्ष सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण गोमती साय द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर जशपुर सियान आइडल फाइनल के अंतर्गत गायन, भाषण एवं कविता पाठ, स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण, सहायक उपकरण वितरण, 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को बस पास वितरण, पुलिस अधीक्षक जिला जशपुर द्वारा सायबर जागरूकता, सचिव जिला विधिक प्राधिकरण जशपुर द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कानूनी अधिकार एवं विधिक सहायता संबंधी जानकारी, जशपुर सियान आइडल एवं खेलकूद प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण तथा समस्त वरिष्ठ नागरिकों कासम्मान किया जाएगा।

एनएच-43 पर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

बिजली पोल शिफ्टिंग के दौरान दो मजदूरों की मौत के बाद बवाल





हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

थाना क्षेत्र के ग्राम पाकरगांव में मंगलवार को पोल शिफ्टिंग के दौरान करंट की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत के बाद बुधवार को पत्थलगांव में माहौल गरमा गया। मृतकों के परिजनों और ग्रामीणों ने शव लेने से इनकार करते हुए सुबह से सिविल अस्पताल के समीप शांतिपूर्ण धरना शुरू किया। प्रदर्शनकारियों ने मृतक परिवारों को 50 लाख रुपये मुआवजा देने की बात पर अड़े रहे। सुबह से धरने पर बैठे लोगों को शाम करीब चार बजे तक प्रशासन की ओर से मांगों पर ठोस आश्वासन नहीं मिलने पर प्रदर्शनकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग 43 थाना के सामने सड़क में बैठ कर नारेबाजी करने लगे सड़क जाम होने से राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात प्रभावित रहा।

■ 50 लाख मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग पर अड़े परिजन

धरने और चक्काजाम में मृतकों के परिजनों के साथ ग्रामीण शामिल हुए। कांग्रेस के पत्थलगांव के पूर्व विधायक रामपुकार सिंह, लैलूंगा विधायक हृदय राम राठिया, कुनकुरी के पूर्व विधायक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष यूडी मिंज कुनकुरी के नगरपालिका अध्यक्ष विनयशील गुप्ता, और ग्रामीणों और परिजनों के साथ बुधवार सुबह से डटकर मुआवजा देने की बात पर अड़े रहे कांग्रेसी नेताओं ने भी प्रदर्शन को समर्थन देते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और पीड़ित परिवारों को तत्काल मुआवजा देने की मांग रखी। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि हादसे में दो परिवारों ने अपने सदस्यों को खोया है, ऐसे में उन्हें उचित आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए। आदिवासी नेता रवि भगत ने कहा कि 50 लाख के मुआवजा राशि नहीं मिलने तक प्रदर्शन जारी रहेगा। मौजूद प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो वे शवों को सड़क पर रखकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। स्थिति को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर तैनात है।तथा अधिकारियों द्वारा प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर स्थिति को नियंत्रित करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

मौजूद रहा पुलिस बल

पत्थलगांव में प्रशासन के साथ पुलिस के उच्चाधिकारी एडिशनल एसपी राकेश पाटनवार एसडीओपी धुर्वेश जायसवाल के साथ भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहे। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक यूडी मिंज ने बताया कि शासन को बड़ा दिल दिखाते हुए 50 लाख का मुआवजा राशि देना चाहिए था, युवा की मौत हुई है। यही पत्थलगांव में कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने अपने शासन काल में 50 लाख रूपये की राशि दुर्घटना में हुई मौत पर परिजनों को दी थी। इसके लिए पूर्व विधायक रामपुकार सिंह ने लगातार मुख्यमंत्री से बात करते हुए 50 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की थी। शाम तक सड़क पर चक्का जाम करते हुए खबर लिखने तक चक्का जाम जारी रहा।

मिलेगी सहायता राशि

विभाग के द्वारा दोनों युवकों के परिजनों को 4- 4 लाख रुपए की सहायता राशि दिलवाई जाएगी।

-संजेंद्र मरकाम, कार्यपालन यंत्री, पत्थलगांव



शुद्धि आंदोलन ने सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने में निभाई ऐतिहासिक भूमिका: प्रबल प्रताप

जशपुरनगर। प्रतिष्ठित पुडुचेरी साहित्य उत्सव में छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने अपने विचार साझा किए। सत्र में पत्रकार एवं लेखिका स्वाति गोयल शर्मा भी सहभागी रहीं।

श्री जूदेव ने शुद्धि आंदोलन के प्रमुख प्रवर्तक स्वामी श्रद्धानंद जी को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने शुद्धि आंदोलन को संगठित और व्यापक स्वरूप देकर लोगों को अपनी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने कहा कि शुद्धि आंदोलन ने भारत की सांस्कृतिक चेतना, परंपराओं और पहचान को जीवंत बनाए रखने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि शुद्धि आंदोलन की विरासत को केवल इतिहास के एक अध्याय के रूप में नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक इतिहास के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में समझने की आवश्यकता है। आज, एक सदी बाद, इस विषय पर गंभीर और तथ्याधारित संवाद आवश्यक है। श्री जूदेव ने घरवापसी को अपनी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक जड़ों से पुनः जुड़ने की प्रक्रिया बताते हुए कहा कि जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में सामाजिक जागरण, संवाद और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करना उनके निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

धर्म स्वतंत्रता विधेयक महत्वपूर्ण कदम

श्री जूदेव ने छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा धर्म स्वतंत्रता विधेयक, 2026 को विधानसभा से पारित किए जाने को जबरन, प्रलोभन अथवा धोखे से होने वाले धर्मांतरण के विरुद्ध महत्वपूर्ण विधायी कदम बताया। उन्होंने इसे सनातन सांस्कृतिक विरासत और समाज के संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण उदाहरण बताया।

बस्तर में शांति के साथ जनजातीय विकास

बस्तर में नक्सल हिंसा में कमी का उल्लेख करते हुए श्री जूदेव ने कहा कि अब शांति और स्थिरता के वातावरण में जनजातीय समाज के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आधारभूत सुविधाओं और आर्थिक सशक्तिकरण को नई गति देने की आवश्यकता है। उन्होंने विकास के साथ बस्तर की संस्कृति, परंपराओं और स्थानीय पहचान के संरक्षण पर भी जोर दिया।

ये रहे अतिथि

श्री जूदेव ने पुडुचेरी साहित्य उत्सव को देश के महत्वपूर्ण साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं वैचारिक मंचों में से एक बताते हुए कार्यक्रम की मुख्य कर्ताधर्ता एवं आयोजक आलो पाल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने निर्मला सीतारमण, बीएल संतोष, प्रो. आनंद रंगनाथन और पूर्व विक्रम सूद सहित अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की सहभागिता का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे विशिष्ट मंच पर शुद्धि आंदोलन, घरवापसी और भारत की सांस्कृतिक चेतना जैसे विषयों पर संवाद होना महत्वपूर्ण है।

सिंगीबहार–अबिरा सड़क पर भारी वाहनों का कहर





जशपुरनगर। सिंगीबहार से अबिरा होते हुए झारखंड सीमा को जोड़ने वाली करीब 5.6 किलोमीटर लंबी सड़क पर लगातार भारी वाहनों के आवागमन से सड़क की स्थिति खराब होने लगी है। ग्रामीण मार्ग होने के बावजूद इस सड़क से बड़े-बड़े मालवाहक ट्रकों की आवाजाही लगातार जारी है। मौके की तस्वीरों में एक भारी मालवाहक ट्रक सड़क से गुजरता हुआ दिखाई दे रहा है। सड़क के किनारों और सतह पर भारी वाहनों के दबाव का असर नजर आने लगा है। यदि इसी तरह भारी वाहनों का आवागमन जारी रहा तो सड़क के और अधिक क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। यह मार्ग सिंगीबहार क्षेत्र को अबिरा होते हुए झारखंड सीमा से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क का निर्माण ग्रामीण आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से किया गया है, लेकिन वर्तमान में भारी वाहनों के लगातार आवागमन से सड़क की उम्र और गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

भारी वाहनों के आवागमन पर नियंत्रण की मांग

स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो सड़क को दोबारा क्षतिग्रस्त होने से बचाना मुश्किल हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क की सुरक्षा के लिए तत्काल उचित व्यवस्था करने की मांग की है।

हार की खीझ में संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रहा विपक्ष: सिन्हा

जशपुरनगर। जिला भाजपा कार्यालय में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बलरामपुर जिला संगठन प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा ने चुनाव आयोग, एसआईआरऔर संवैधानिक संस्थाओं को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष लगातार चुनावों में पराजित हो रहा है और अपनी राजनीतिक असफलता पर सवालों से बचने के लिए जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है। इसी रणनीति के तहत अब चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को निशाना बनाया जा रहा है।

■ एसआईआर पर विपक्ष के आरोपों को बताया भ्रम और राजनीतिक प्रोपेगेंडा

ओमप्रकाश सिन्हा ने कहा कि विपक्ष को जब जनता के बीच अपने प्रदर्शन का जवाब देना होता है, तब वह कभी चुनाव आयोग, कभी ईव्हीएम और कभी अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक असहमति लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन बिना ठोस तथ्यों के संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाना लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा करने का प्रयास है। सिन्हा ने कहा कि 26 सितंबर को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों निर्वाचन आयुक्तों की बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में आयोग ने स्पष्ट किया कि एसआईआर सहित प्रमुख निर्णय पूर्ण आयोग की सर्वसम्मति से लिए गए हैं। ⏭ शेष पेज 2 पर



एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

सिन्हा ने कहा कि एसआईआर की वैधानिकता को लेकर भी विपक्ष को तथ्यों के साथ बात करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 27 मई 2026 को एसोसिएसन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स बनाम इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया मामले में बिहार में एसआईआर की वैधता को बरकरार रखा और माना कि आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 तथा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21(3) के तहत ऐसी विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सूची की शुद्धता और पात्र मतदाताओं की भागीदारी दोनों महत्वपूर्ण हैं। इसलिए किसी भी प्रक्रिया पर राजनीतिक आरोप लगाने के बजाय तथ्यों और निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के आधार पर चर्चा होनी चाहिए।

हार का ठीकरा संस्थाओं पर फोड़ना बंद करे विपक्ष

ओमप्रकाश सिन्हा ने कहा कि "जनता जब विपक्ष को बार-बार नकारती है तो विपक्ष को आत्ममंथन करना चाहिए, न कि अपनी राजनीतिक असफलता का ठीकरा संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ना चाहिए।"उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की स्पष्टता के बाद विपक्ष को अपने आरोपों पर पुनर्विचार करना चाहिए और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को राजनीतिक विवादों से बचाना चाहिए।उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया पर वास्तविक सुधार की चर्चा करना नहीं, बल्कि भ्रम और संशय का वातावरण बनाकर अपनी राजनीतिक जमीन बचाना है। उन्होंने कहा कि जनता तथ्यों को समझती है और केवल आरोपों से लोकतांत्रिक संस्थाओं पर उसका विश्वास कमजोर नहीं किया जा सकता।

इनकी रही उपस्थिति

पत्रकार वार्ता में नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, जिला मंत्री संतोष सिंह, जिला मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान, जिला कार्यालय सह प्रभारी शरद चौरसिया एवं शहर मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप



मांझी समाज के संभागीय सम्मेलन में शामिल हुए विधायक

अंबिकापुर। मैनपाट ग्राम पंचायत केसरा में मांझी समाज के संभागीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि मांझी समाज लंबे समय से सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करता आया है। शिक्षा, रहन-सहन, सामाजिक जागरूकता और समाज की मुख्यधारा में भागीदारी जैसे कई क्षेत्रों में समाज को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए ऐसे समाजों को चिन्हांकित कर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और उनके सामाजिक उत्थान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आजादी के बाद पहली बार मांझी समाज का इस स्तर पर सम्मेलन आयोजित होना समाज के लिए एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है। इस सम्मेलन में मांझी समुदाय के प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित जिला, विधानसभा और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी तथा समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। विधायक श्री टोप्पो ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता केवल सड़क, पुल-पुलिया और भवन निर्माण तक सीमित नहीं है। समाज का सर्वांगीण विकास और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का सामाजिक उत्थान भी विकास की उतनी ही महत्वपूर्ण प्राथमिकता है।

संस्कृत महोत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा विज्ञान-गणित प्रतियोगिता में भी उत्साह

राजपुर। विकासखंड के बासेन जिगड़ी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में 26 और 27 सितंबर को जिला स्तरीय संस्कृत महोत्सव एवं विज्ञान-गणित प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिले के 12 सरस्वती शिशु मंदिरों के करीब 90 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के तहत संस्कृत भाषण, निबंध, प्रश्नमंच, विज्ञान मॉडल, चित्रकला, वैदिक गणित सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। विज्ञान मॉडल में विद्यार्थियों ने अपने नवाचार और वैज्ञानिक सोच को प्रदर्शित किया, वहीं प्रश्नमंच एवं वैदिक गणित प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। संस्कृत विषय से जुड़ी प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन जनपद पंचायत राजपुर अध्यक्ष विनय भगत की मौजूदगी में हुआ। इस दौरान जिला समन्वयक जगदीश यादव, विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज पाण्डेय, संकुल प्रमुख सुनील कुमार, संकुल प्रमुख प्रमिला सिंह एवं उषा गुप्ता सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। आयोजन में पूर्व जनपद अध्यक्ष कन्हाई राम, नंदलाल गुप्ता, उदय यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, प्रशांत सिंह,सुनील गुप्ता, रोशन गुप्ता सहित विद्यालय के आचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

प्रदेश प्रभारी का अल्प संख्यक कांग्रेस कमेटी ने किया स्वागत



अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सुखदेव भगत के प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन पर अमीन मेमन के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अंबिकापुर से प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी, कांग्रेस नेता दीपक मिश्रा, शाहिद अहमद, जहांगीर अली आदि उपस्थित रहे। रायपुर से गुलजेब अहमद सहित सभी सम्मानित प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष एवं कांग्रेस साथी उपस्थित रहे। सुखदेव भगत के आगमन से निश्चित रूप से संगठन में नई ऊर्जा, उत्साह और मजबूती का संचार होगा। हम सभी मिलकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए संकल्पित हैं।

सेवा संकल्प अभियान के तहत बरियों छठ घाट में चला स्वच्छता अभियान



राजपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को विकासखंड के ग्राम बरियों स्थित छठ घाट शिव मंदिर परिसर में दोपहर 3 बजे स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक उदेश्वरी पैकरा सहित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने सबसे पहले छठ घाट परिसर की साफ-सफाई की। इसके बाद झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि सामूहिक सहभागिता से ही गांव, मंदिर परिसर और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि चुनाव जायसवाल, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमलाराम, जिला पंचायत सदस्य अनार देवी, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, मंडल महामंत्री सुनील जायसवाल, राजेश यादव, प्रशांत सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

दस्तावेज बनाने में बीत रहा पूरा दिन

छात्रवृत्ति की जटिल प्रक्रिया से विद्यार्थी और अभिभावक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

विद्यार्थियों को शासन की छात्रवृत्ति का लाभ दिलाने के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है, लेकिन समय-सीमा, दस्तावेजों की जटिल प्रक्रिया और ऑनलाइन पोर्टल की धीमी गति के कारण विद्यार्थी, अभिभावक और स्कूलों में कार्यरत कर्मचारी परेशान हैं। छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित होने के कारण दस्तावेज पूरे कराने और ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने को लेकर स्कूलों पर भी दबाव बढ़ गया है।

खास बातें

- छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि एक दिन शेष
- दस्तावेज एवं ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने को लेकर स्कूलों पर भी बढ़ा दबाव

छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों को आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, बैंक खाता, आधार सीडिंग, खाद्य विभाग में ई-केवाईसी सहित विभिन्न प्रक्रियाएं पूरी करनी पड़ रही हैं। कई मामलों में प्रमाण पत्रों की प्रक्रिया के लिए तहसील तथा पंचायत स्तर पर अलग-अलग कार्रवाई करनी पड़ती है। ऐसे में विद्यार्थियों और अभिभावकों को बार-बार अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।



बैंक खाते और आधार सीडिंग को लेकर दिक्कत

छात्रवृत्ति की राशि विद्यार्थी के नाम से चालू बैंक खाते में प्राप्त होने के लिए बैंक खाते और आधार सीडिंग की प्रक्रिया भी महत्वपूर्ण है। अभिभावकों का कहना है कि कई विद्यार्थियों के खाते निष्क्रिय या होल्ड होने, आधार सीडिंग नहीं होने अथवा बैंक संबंधी अन्य तकनीकी समस्या के कारण आवेदन प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। कुछ अभिभावकों का कहना है कि जीरो बैलेंस खाते को लेकर जानकारी होने के बावजूद कई जगह बैंक खाता खोलने के दौरान राशि जमा कराने की बात सामने आती है। ऐसे मामलों में गरीब परिवारों के अभिभावकों को अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है।

श्रम विभाग की योजनाओं को लेकर भ्रम

श्रम विभाग में पंजीकृत परिवारों के बच्चों को मिलने वाली सहायता तथा स्कूल स्तर की छात्रवृत्ति को लेकर भी अभिभावकों में भ्रम की स्थिति बताई जा रही है। अभिभावकों का कहना है कि अलग-अलग योजनाओं में आवेदन करने से पहले पात्रता और दोनों योजनाओं के बीच संबंध की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि विद्यार्थी किसी योजना के लाभ से अनजाने में वंचित न हो।

सर्वर की समस्या

पंचायत कार्यालयों तथा अन्य स्थानों पर ई-केवाईसी कराने के दौरान भी तकनीकी समस्या सामने आती है। सर्वर धीमा होने या तकनीकी समस्या के कारण विद्यार्थियों और अभिभावकों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई बार प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण उन्हें दोबारा कार्यालय जाना पड़ता है। इस पूरी प्रक्रिया में विद्यार्थियों और अभिभावकों का काफी समय तहसील, पंचायत, बैंक और अन्य कार्यालयों के चक्कर लगाने में बीत रहा है जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रहा है।

प्रक्रिया सरल करने और समय बढ़ाने की मांग

विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों का कहना है कि छात्रवृत्ति गरीब एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सहायता है। ऐसे में आवेदन प्रक्रिया को सरल और एकीकृत किया जाना चाहिए। दस्तावेज सत्यापन, ई-केवाईसी, आधार सीडिंग तथा बैंक संबंधित प्रक्रियाओं को आसान बनाने के साथ ऑनलाइन पोर्टल की तकनीकी क्षमता में सुधार करने की मांग की गई है। अभिभावकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि छात्रवृत्ति पोर्टल की धीमी गति और सर्वर संबंधी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए, ई-केवाईसी एवं ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया सुचारू कराई जाए तथा जरूरत पड़ने पर आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए, ताकि किसी भी पात्र विद्यार्थी को तकनीकी अथवा दस्तावेजी समस्या के कारण छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित न होना पड़े।

गौरतलब है कि शासन स्तर से छात्रवृत्ति के ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल उपलब्ध कराया गया है। बताया जा रहा है कि पोर्टल की गति काफी धीमी रहने के कारण ऑनलाइन कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार पोर्टल खुलने, आवेदन दर्ज करने, दस्तावेज अपलोड करने तथा ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करने में काफी समय लग रहा है। ऑनलाइन प्रक्रिया धीमी होने का सीधा असर विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। कई विद्यार्थियों की ई-केवाईसी और अन्य जरूरी ऑनलाइन प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं हो पा रही हैं। स्कूलों में छात्र-छात्राओं के आवेदन पूरे कराने वाले कर्मचारियों को भी बार-बार प्रयास करना पड़ रहा है।

निर्धारित मूल्य से अधिक खाद बेचने पर गोयल इंटरप्राइजेज पर 21 दिन का प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर उर्वरक बेचने की शिकायत की जांच के बाद कृषि विभाग ने नगर स्थित गोयल एंटरप्राइजेज पर 21 दिनों के लिए उर्वरक बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। उप संचालक कृषि कार्यालय द्वारा 15 सितंबर को जारी आदेश में प्रतिष्ठान को उर्वरक गुण आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

- किसान की शिकायत पर कृषि विभाग की जांच में सामने आई अनियमितता
- 15 सितम्बर को जारी आदेश के तहत कार्रवाई

मामले में ग्राम कमलपुर निवासी किसान उत्तम कुमार मिस्त्री ने मुख्यमंत्री जन चौपाल शिकायत पोर्टल के माध्यम से शिकायत करते हुए बताया कि 17 जून को उन्होंने रामानुजगंज स्थित अधिकृत उर्वरक विक्रेता गोयल इंटरप्राइजेज से 16-16-16 एनपीके खाद खरीदने का प्रयास किया था। किसान के अनुसार खाद का निर्धारित मूल्य 1600 रुपये था, लेकिन उनसे 2000 रुपये की मांग की गई। उन्होंने फोन पे के माध्यम से राशि का भुगतान भी किया, जिसका समय दोपहर 1.49 बजे बताया गया है। इससे एक मिनट पहले उनकी आधार ई-केवाईसी कर पीओएस मशीन में खाद की एंट्री की गई थी। किसान का आरोप है कि अधिक राशि लेने का विरोध करने और फोटो खींचने पर दुकानदार ने पैसे वापस कर दिए, लेकिन पीओएस मशीन में दर्ज खाद की एंट्री को निरस्त नहीं किया गया। इसके बाद उन्होंने उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों के साथ 22 जून को कलेक्टर कार्यालय की आवक शाखा में शिकायत दर्ज कराई। 10 अगस्त को उप संचालक कृषि कार्यालय में स्मरण पत्र भी दिया गया। किसान ने मुख्यमंत्री से की गई शिकायत में आरोप लगाया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए उन्हें कलेक्टर कार्यालय और कृषि विभाग के कार्यालय के बीच चक्कर लगाना पड़ा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जांच रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराने और मामले में जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब-तलब करने की मांग की। शिकायत के आधार पर कृषि विभाग द्वारा की गई जांच में गोयल एंटरप्राइजेज द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक राशि लिए जाने की पुष्टि की गई। इसके बाद उप संचालक ने 15 सितंबर को जारी आदेश के तहत प्रतिष्ठान पर 21 दिनों के लिए उर्वरक विक्रय प्रतिबंधित कर दिया है। आदेश में प्रतिष्ठान संचालक नंदकुमार अग्रवाल को भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं करने की चेतावनी दी गई है।

सिलफिली में तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला, जवानों को मानसिक स्वास्थ्य के विषय में दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज : बिश्रामपुर



कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देश व सीएमएचओ डॉ प्रशांत सिंह के नेतृत्व में डॉ राजेश पैकरा नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 वीं वाहिनी छग सशस्त्र बल सिलफिली में तनाव प्रबंधन व आत्महत्या रोकथाम हेतु गेटकीपर ट्रेनिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया,जिसके माध्यम से सुरक्षा बलों के जवानों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, कार्यस्थल पर उत्पन्न होने वाले तनाव के प्रभावों को समझाना तथा तनाव से प्रभावी ढंग से निपटने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई। कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा तनाव के कारण, लक्षण, तनाव प्रबंधन की तकनीकें, सकारात्मक सोच, भावनात्मक संतुलन तथा आत्महत्या के चेतावनी संकेतों की पहचान एवं समय पर सहायता उपलब्ध कराने के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। जवानों को श्वास-व्यायाम, रिलैक्सेशन तकनीक, जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव तथा आवश्यकता पड़ने पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान जवानों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने अपने अनुभव भी साझा कर विशेषज्ञों से विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान लिया।कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय सूरजपुर के मानसिक स्वास्थ्य दल से सचिन मातुरकर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट एवं प्रियंका मंडल सोशल वर्कर, मनोज कुमार नर्सिंग ऑफिसर एवं 10 वीं वाहिनी सिलफिली के अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

युवक ने पड़ोसी के घर जाकर फांसी लगाकर की आत्महत्या

मानीचौक। युवक ने पड़ोसी के घर जाकर दरवाजा बंद कर घर के परछी में फांसी लगा लिया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मानी निवासी जयसिंह आ. शिवनारायण (36 वर्ष) मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे अपने पड़ोसी सहदेव सिंह के घर पहुंचा। बताया जा रहा है कि वह घर की परछी में गया और अंदर से दरवाजा बंद कर गमछा के सहारे फांसी लगा ली। इधर कुछ देर बाद परिजन व आसपास के लोगों को घटना की जानकारी लगी तो मौके पहुंच उसे तत्काल फांसी से उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन के अनुसार मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं था। हालांकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पहुंच मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर जांच शुरू कर दी है।

सेमेस्टर एवं जनभागीदारी शुल्क में कमी की मांग, अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों की विभिन्न शैक्षणिक एवं आर्थिक समस्याओं को लेकर महाविद्यालय की प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। अभाविप ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर के तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के शुल्क में कमी करने, जनभागीदारी शुल्क कम करने तथा सभी विषयों की कक्षाओं का नियमित एवं लगातार संचालन सुनिश्चित करने की मांग की।

सौंपे गए ज्ञापन में अभाविप पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों से लिया जा रहा शुल्क अधिक है, जिससे सामान्य एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान सहित अन्य विषयों की कक्षाएं नियमित रूप से संचालित नहीं होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में स्नातक कक्षाओं की जनभागीदारी शुल्क 750 से घटाकर 500 तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं की जनभागीदारी शुल्क 950 से घटाकर 600 किए जाने की मांग रखी गई। अभाविप ने विद्यार्थियों से लिए जा रहे जनभागीदारी शुल्क की भी समीक्षा कर उचित एवं पारदर्शी शुल्क निर्धारित करने की मांग की। अभाविप जिला संयोजक विकास महतो ने कहा कि सरगुजा



विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों में शुल्क की राशि अलग-अलग है। अन्य महाविद्यालयों की तुलना में रामानुजगंज के शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों से लगभग 1,200 से 1,500 तक अधिक शुल्क लिया जा रहा है, जो विद्यार्थियों के लिए आर्थिक बोझ का विषय है। उन्होंने कहा कि यदि विश्वविद्यालय एक है तो शुल्क व्यवस्था भी लगभग समान एवं तार्किक होनी चाहिए। विकास महतो ने कहा कि अभाविप ने महाविद्यालय प्रशासन को 24 घंटे का समय दिया है। इस अवधि के भीतर विद्यार्थियों के शुल्क में उचित कमी एवं अन्य मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन के माध्यम से विद्यार्थियों की आवाज को मजबूती से उठाएगी। इस दौरान अभाविप कार्यकर्ता सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पीवी ऐप से फसल गिरदावरी के आदेश का पटवारियों ने किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

रामानुजनगर। खरीफ फसल गिरदावरी वर्ष 2026-27 के लिए फसल भौतिक सत्यापन ऐप को अनिवार्य किए जाने के विरोध में राजस्व पटवारी संघ ने फसल गिरदावरी कार्य के पूर्ण बहिष्कार का निर्णय लिया है। संघ ने इस संबंध मे तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अपनी आपत्तियां और मांगें रखी हैं।

पटवारी संघ के अनुसार खरीफ गिरदावरी 2026-27 के लिए शासन द्वारा 17 अगस्त से 30 सितंबर तक डीसीएस एवं ऑनलाइन फसल एंट्री की समय-सीमा निर्धारित की गई थी। इसके तहत प्रदेशभर के पटवारी 17 अगस्त से गिरदावरी कार्य में जुटे हुए थे। संघ का आरोप है कि बिना पूर्व सूचना के ऑनलाइन फसल एंट्री को पटवारी आईडी से बंद कर दिया गया और 18 सितंबर से पीवी ऐप के माध्यम से फसल गिरदावरी करने का निर्देश दिया गया। संघ ने ज्ञापन में कहा है कि वर्तमान डीसीएस का नक्शा करीब तीन वर्ष पुराना है। तकनीकी खामियों के कारण मौके पर विभाजित किए गए बड़ी संख्या में नक्शे अभी तक डीसीएस में शामिल नहीं हो पाए हैं। ऐसी स्थिति में पीवी ऐप के माध्यम से गिरदावरी करने में व्यावहारिक कठिनाइयां सामने आ रही हैं। पटवारियों का कहना है कि किसान की सहमति के बिना खसरा पहचानने की प्रक्रिया को लेकर भी आपत्ति है। संघ ने इसे राजस्व संहिता के प्रावधानों के संदर्भ में अनुचित बताते हुए कहा है कि केवल फसल दर्ज करने के लिए दबाव पूर्वक प्रक्रिया अपनाना उचित नहीं है। संघ ने वर्तमान मौसम और खेतों की स्थिति को भी बड़ी समस्या बताया है। कई खेतों में फसल लगी होने के साथ पानी भराव की स्थिति है। ऐसे में प्रत्येक खेत के चारों कोनों पर जाकर पीवी ऐप में फोटो लेना व्यवहारिक रूप से कठिन बताया गया है। राजस्व पटवारी संघ ने कहा है कि जल्दबाजी में गिरदावरी प्रक्रिया लागू करने से धान सहित अन्य खरीफ फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। संघ ने आशंका जताई है कि यदि कार्य दबाव पूर्वक कराया गया और समय पर गिरदावरी पूरी नहीं हुई तो बड़ी संख्या में किसान अपनी फसल बेचने की प्रक्रिया में प्रभावित हो सकते हैं।राजस्व पटवारी संघ ने पीवी ऐप के माध्यम से फसल गिरदावरी 2026-27 का पूर्ण बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। संघ ने शासन से मांग की है कि फसल गिरदावरी का कार्य पूर्व की तरह ऑनलाइन भुइयां पोर्टल के माध्यम से कराया जाए तथा तकनीकी एवं व्यवहारिक समस्याओं का समाधान करने के बाद ही नई व्यवस्था लागू की जाए।

छिंदिया सागौन नर्सरी में पेड़ काटते सात लोग पकड़े गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

वन परिक्षेत्र के छिंदिया सागौन नर्सरी में रविवार की देर रात वन विभाग की रात्रि गश्त टीम ने सागौन का पेड़ काटते हुए सात लोगों को कथित रूप से रंगे हाथों पकड़ा। मौके से काटी गई सागौन की लकड़ी भी बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है।

वन परिक्षेत्राधिकारी पूजा यादव के अनुसार छिंदिया नर्सरी के वन खंड क्रमांक पी-1773 में जगतपुर निवासी सात लोग सागौन का पेड़ काट रहे थे। रात्रि गश्त पर निकली वन विभाग की टीम को इसकी जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचकर आरोपियों को लकड़ी सहित पकड़ा गया। बताया गया कि छिंदिया क्षेत्र में लंबे समय से सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई की शिकायतें सामने आती रही हैं। इस कार्रवाई को वन विभाग की रात्रि गश्त टीम की महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए लोगों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। मामले में आनंद सिंह, हेम सिंह, कलेन्द्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, मदन सिंह, नरेंद्र सिंह और बिन्दल सिंह के नाम सामने आए हैं। कार्रवाई में राहुल साहू सहित वन विभाग की रात्रि गश्त टीम की सक्रिय रहे। वन विभाग द्वारा बरामद लकड़ी एवं घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है।

साल चौपहला एवं लट्ठे का अवैध परिवहन करता ट्रैक्टर जब्त



अम्बिकापुर। मुखबिर की सूचना पर वन परिक्षेत्र चांदो के वनकर्मियों ने साल चौपहला एवं साल लट्ठा का अवैध परिवहन करते एक स्वराज ट्रैक्टर को जब्त किया है। विभाग द्वारा जब्त ट्रैक्टर को राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है। चांदो परिक्षेत्राधिकारी को मुखबिर से सूचना मिली कि स्वराज ट्रैक्टर का चालक बसकेपी जंगल से 1 नग साल चौपहला एवं 1 नग साल लट्ठा ट्रैक्टर से बांधकर खींचते हुए ग्राम पुटसुरा की ओर ले जा रहा है सूचना पर परिक्षेत्र सहायक श्रीमती पुष्पा कुजूर के नेतृत्व में वन अमले के साथ ट्रैक्टर का पीछा करते हुए बसकेपी पहुंचा एवं वन क्षेत्र स्थित टेंवा नाला के पास घेराबंदी कर स्वराज ट्रैक्टर को पकड़ा। वनकर्मियों ने ट्रैक्टर चालक से साल चौपहला एवं लट्ठा परिवहन के संबंध में दस्तावेज मांगा। चालक द्वारा लकड़ी के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। अवैध वनोपज परिवहन करने के मामले में वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज करने के साथ ही जब्त ट्रैक्टर एवं वनोपज को चांदो परिक्षेत्र कार्यालय में रखा गया है। इस संबंध में उप वनमण्डलाधिकारी अनिल सिंह पैकरा ने बताया कि जब्त स्वराज ट्रैक्टर को राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है।

पृष्ठ 1 का शेष

हार की खीझ...

आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि कैबिनेट सचिव को भेजा गया पत्र किसी चुनावी नीति अथवा एसआईआर से संबंधित नहीं था, बल्कि प्रतिनियुक्ति पर आए एक अधिकारी के प्रशासनिक कार्यप्रणाली से जुड़ा आंतरिक मामला था। उन्होंने कहा कि जिस पत्र और रिपोर्ट को आधार बनाकर विपक्ष ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए, आयोग की सफाई के बाद उसके दावों की वास्तविकता जनता के सामने आ गई है।

शहीद भगत सिंह की जयंती पर भाजपा ओबीसी मोर्चा ने दी श्रद्धांजलि

अम्बिकापुर। भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर शहीद भगत सिंह चौक पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में उपस्थित भाजपा कार्यालयों एवं वार्डवासियों ने शहीद भगत सिंह के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि शहीद भगत सिंह का जीवन देशभक्ति, साहस, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने युवा पीढ़ी को देशहित और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके विचार और बलिदान आज भी युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते हैं। इस दौरान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता, पार्षद दीपक यादव, महामंत्री वीर सोनी, चंदन शुक्ला, अनुराग शुक्ला, मनोज प्रसाद, गणेश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध



ये प्रेम मोल लिया का गाना 'जय अंबे बोल' रिलीज

मुंबई। इस नवरात्रि पर सिंगर हिमेश रेशमिया एक नया गरबा सॉन्ग लेकर आए हैं। सूरज बड़जात्या की अपकमिंग फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का नया गाना दर्शकों का दिल जीत रहा है। त्योहारों के मौसम से पहले रिलीज किया गया यह गाना हिमेश के म्यूजिक कॅरियर का पहला गरबा गाना है। आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ पर फिल्माया गया 'जय अंबे बोल' गाना गरबा सेलिब्रेशन के उत्साह बढ़ाता नजर आ रहा है। गाने को श्रेया घोषाल और हिमेश रेशमिया ने आवाज दी है। मयूर पुरी की कलम से निकले इस गाने को हिमेश ने अपना म्यूजिक देकर खास बना दिया है। यह फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'ये प्रेम मोल लिया' का यह गाना टाइटल ट्रैक के रिलीज होने के बाद आया है।

लाइफ Style

ऐश्वर्या

ब्लैक गाउन में बिखेरा जलवा

पेरिस फैशन वीक से अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आई हैं, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इनमें एक्ट्रेस का शानदार अंदाज देखने को मिल रहा है। बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन एक बार फिर अपने शानदार अंदाज को लेकर चर्चा बनी हुई हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दरअसल, एक्ट्रेस 28 सितंबर को पेरिस फैशन वीक इवेंट का हिस्सा बनीं, जहां से अब उनकी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। ऐश्वर्या राय ने एफिल टावर के सामने प्लेस जोफ्रे में केंडल जेनर और ईवा लोंगोरिया जैसी ग्लोबल आइकन्स के साथ रैंप वॉक किया। बता दें कि इस साल शो की थीम 'वॉक यॉर वर्थ' थी, जो आत्मविश्वास, विविधता और महिलाओं की एकजुटता का जश्न मनाती है। ब्यूटी ब्रांड की लंबे समय से ग्लोबल एंबेसडर रहीं ऐश्वर्या ने लोरियल पेरिस के 'ले डीफिल' के नौवें संस्करण में हिस्सा लिया। इस दौरान अभिनेत्री शाही अंदाज में नजर आईं। उन्होंने डिजाइनर यारा शूमेकर का बनाया हुआ शानदार ब्लैक वेलवेट गाउन पहना था। अपने लुक को पूरा करने के लिए अभिनेत्री ने बालों को कर्ल किया और टियारा भी लगाया। वहीं, उन्होंने ड्यूई मेकअप और रेड लिपस्टिक के साथ अपने लुक को पूरा किया। इस सितारों से सजे शो में ऐश्वर्या ने सिमोन ऐश्ली, वियोला डेविस, जेन फोंडा और सेलीन डियोन सहित कई इंटरनेशनल को-एंबेसडर्स के साथ रैंप शेयर किया। शाम का एक खास पल तब देखने को मिला, जब ऐश्वर्या और सेलीन डियोन ने एक-दूसरे का हाथ थामा, गर्मजोशी से गले मिलीं और किस किया।



हॉलीवुड मसाला



स्पाइडर-मैन ब्रांड... फिर लौटेगी

नई दिल्ली। इस साल भारतीय सिनेमाघरों में अगर किसी हॉलीवुड फिल्म का बोलबला देखने को मिला था, तो वह स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे रही। टॉम हॉलैंड स्टारर इस सुपरहीरो फिल्म ने अपनी शानदार कहानी से भारतीय दर्शकों का दिल जीता। अब खबर आ रही है कि मेकर्स स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे को री-रिलीज करने का प्लान बना रहे हैं। जिसे आने वाले 18 दिसंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। यही कारण है कि मेकर्स ने ये योजना बनाई है कि वह एवेंजर्स डूम्सडे की रिलीज से पहले स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे को दोबारा से बड़े पर्दे पर पेश करेंगे।



दुनियाभर में स्ट्रीम होगा शकीरा का कॉन्सर्ट...

लॉस एंजिल्स। पॉप स्टार शकीरा इन दिनों अपने कॉन्सर्ट को लेकर चर्चा में हैं। वह इन दिनों अपने 'लास मुजेरेस या नो लोरान वर्ल्ड टूर' पर हैं। इस टूर के तहत सिंगर तीन अक्तूबर को मैड्रिड में होने वाले अपने कॉन्सर्ट को दुनिया भर में लाइव-स्ट्रीम करेंगी। यह पहली बार होगा जब शकीरा का पूरा कॉन्सर्ट इस तरह से दुनियाभर में दिखाया जाएगा। भारत के फैंस भी इस कॉन्सर्ट का आनंद ले सकेंगे। भारत में मौजूद फैंस देर रात सिंगर की लाइव परफॉर्मेंस का आनंद ले सकेंगे। यह कॉन्सर्ट 4 अक्टूबर को रात 12:15 बजे अमेजन म्यूजिक इंडिया ऐप, प्राइम वीडियो, फायर टीवी और ट्विच पर अमेजन म्यूजिक चैनल पर स्ट्रीम होगा। इसके लिए किसी पेड सब्सक्रिप्शन की जरूरत नहीं है। मैड्रिड शो शकीरा के बहुत बड़े वर्ल्ड टूर के आखिरी पड़ावों में से एक है।



अब 'पायर' सिनेमाघरों में देगी दस्तक

नई दिल्ली। उत्तराखंड के कुमाऊं की खूबसूरत वादियों में बसे एक बुजुर्ग दंपति की कहानी अब बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी। नेशनल अवॉर्ड विजेता फिल्ममेकर विनोद कापड़ी की फिल्म 'पायर' जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म अब तक 18 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है। फिल्म में 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी पहली बार अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म प्यार, अकेलेपन, यादों और बच्चों के पलायन के बीच माता-पिता के इंतजार की कहानी बयां करती है। 'पायर' 23 अक्टूबर को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इसमें कुमाऊं क्षेत्र के एक दूरदराज गांव की पृष्ठभूमि पर बनी एक बुजुर्ग दंपति की कहानी देखने को मिलेगी, जिनकी जिंदगी उनके घर, पुरानी यादों और एक-दूसरे के इर्द-गिर्द घूमती है।



दृश्यम-3 के साथ रिलीज होगी प्रेम कीटाणु

मुंबई। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती है और इस मौके पर सिनेमाघरों में 2 फिल्मों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। इस लंबे वीकेंड पर एक तरफ सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर 'दृश्यम 3' रिलीज हो रही है, तो दूसरी ओर 'प्रेम कीटाणु' जैसी हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। दोनों फिल्मों का जॉनर और टारगेट ऑडियंस काफी अलग है, ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इनकी टक्कर देखना दिलचस्प होगा। फिल्म में एक बार फिर सस्पेंस, फैमिली ड्रामा और विजय की नई चाल देखने को मिलेगी। 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी की पिछली फिल्मों को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। 'दृश्यम 3' के बिल्कुल उलट 'प्रेम कीटाणु' दर्शकों को हल्का-फुल्का और रोमांटिक मनोरंजन देने वाली है।

टीवी मसाला



खतरों के खिलाड़ी 15 : ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगे टॉप 5 कंटेस्टेंट्स

नई दिल्ली। 'खतरों के खिलाड़ी 15' के ग्रैंड फिनाले की तारीख का ऐलान हो गया है। शो के सेमी फिनाले के बाद होस्ट रोहित शेट्टी ने बताया कि शो अब अपने आखिरी पड़ाव पर है, जहां टॉप 5 कंटेस्टेंट ट्रॉफी जीतने के लिए मुश्किल स्टंट्स में एक-दूसरे का मुकाबला करेंगे। फाइनलिस्ट्स को इस सीजन के कुछ सबसे मुश्किल टास्क का सामना करना होगा, जिससे उनके साहस, ताकत और दृढ़ संकल्प की परीक्षा होगी। फिनाले 3 और 4 अक्टूबर को रात 9 बजे कलर्स और जियो हॉटस्टार पर प्रसारित होगा। इस सीजन की शुरुआत 'ओल्ड वर्सेस न्यू' थीम के साथ हुई थी। इस हफ्ते सेमी फाइनल हुआ और शो को अपना पहला फाइनलिस्ट मिल गया। फिनाले से कुछ दिन पहले ही रुहानिका धवन का सफर खत्म हो गया। वहीं अविनाश मिश्रा 'खतरों के खिलाड़ी 15' के पहले फाइनलिस्ट बन गए हैं। उन्होंने टॉप 5 में अपनी जगह पक्की कर ली है। अविनाश ने एक वॉटर स्टंट में करण वाही का मुकाबला किया और उसे जीतकर सीधे फिनाले के लिए क्वालिफाई कर लिया। अब उन्हें फाइनल स्टंट से ठीक पहले वाला स्टंट करने का मौका मिलेगा। रोहित शेट्टी ने खतरों के खिलाड़ी सीजन 5 से बतौर होस्ट इसकी शुरुआत की थी और तब से लेकर अब तक शो के होस्ट बने हुए हैं। बीच में सीजन 7 को छोड़कर उन्होंने सीजन 8 से लेकर अब तक लगातार इस शो की कमान संभाली है।

राशन टास्क में कनिका-काजी की भिड़ंत

नई दिल्ली। बिग बॉस के सीजन 20 ने अब अपनी रफ्तार पकड़ ली है। काजी तौकीर के फैंडम और सलमान खान के वीकेंड का वार ने शो को अलग लेवल पर पहुंचा दिया है। इस बीच घर में लड़ाई-झगड़ों का दौर भी जारी है। इस रिएलिटी शो में अक्सर देखा जाता है कि कंटेस्टेंट को ऐसा टास्क दे दिया जाता है, जिसमें कंटेस्टेंट का भिड़ना लाजिमी हो जाता है। इस बार राशन टास्क में भी कुछ वही देखने को मिलने वाला है। राशन टास्क के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है, जिसमें कनिका मान और काजी तौकीर एक दूसरे से भिड़ते दिखाई दे रहे हैं। जियोहॉटस्टार ने इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर बिग बॉस 20 के अपकमिंग एपिसोड का एक प्रोमो शेयर किया है। 30 सेकेंड के इस प्रोमो में दिखाया गया है कि कैसे घरवाले राशन टास्क में राशन इकट्ठा करने की जद्दोजेहद कर रहे हैं। प्रोमो में बिग बॉस घरवालों से कहते हैं, 'घरवालों आस-पास है आपके वीकली राशन के कुछ आइटम्स. जो भी आइटम्स कार्य के अंत में डिलिवर्ड होंगे, वो राशन में से कट हो जाएंगे।'



शांतनु को राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार से किया गया सम्मानित

मुंबई। मध्य प्रदेश सरकार ने सोमवार को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें संगीत निर्देशक शांतनु मोइत्रा को संगीत के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। बता दें कि यह पुरस्कार इंदौर में आयोजित एक कार्यक्रम में दिया गया। इंदौर लता मंगेशकर की जन्मस्थली है। यह कार्यक्रम उनकी 97वीं जयंती के मौके पर आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री मोहन यादव वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कार्यक्रम में शामिल हुए। मोहन यादव ने शांतनु मोइत्रा के भारतीय संगीत में योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मोइत्रा ने अपनी प्रतिभा से देश के संगीत जगत को समृद्ध किया है। वहीं, संगीतकार मोइत्रा ने सम्मान के लिए मध्य प्रदेश सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लता मंगेशकर के नाम पर उनकी जन्मस्थली में और उनकी जयंती के दिन पुरस्कार मिलना उनके लिए भावुक और गर्व का पल है। शांतनु मोइत्रा भारतीय सिनेमा के प्रमुख संगीतकार और बैकग्राउंड स्कोर कम्पोजर हैं। 'परिणीता', 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी', 'लगे रहो मुन्नाभाई', '3 इडियट्स', 'मद्रास कैफे', 'पीकू', 'अक्टूबर' और '12वीं फेल' जैसी फिल्मों में उनके संगीत को पहचान मिली। वर्ष 2014 में तेलुगु फिल्म 'ना बंगारू तल्ली' के लिए शांतनु को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला था। राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार की शुरुआत मध्य प्रदेश के संस्कृति विभाग ने 1984 में की थी। यह पुरस्कार हर साल हल्के संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है। अब तक नौशाद, किशोर कुमार, सोनू निगम, एआर रहमान, अनु मलिक, उदित नारायण और आशा भोसले समेत कई प्रसिद्ध कलाकारों को यह पुरस्कार मिल चुका है।



गांव की 'काली खेती' में दबे हुए राज दहलाएंगे दिल

नई दिल्ली। अक्टूबर के महीने में कई नई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इन्हीं में से एक फिल्म हॉरर थ्रिलर है जो गांव की सुपरनैचुरल कहानी को पर्दे पर दिखाएगी। हाल ही में, मेकर्स ने नई हॉरर फिल्म का ऐलान किया है। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म है 'काली खेती'। जैकी श्रॉफ ने 29 सितंबर को अपनी नई फिल्म 'काली खेती' का ऐलान किया है। यह एक सुपरनैचुरल रूरल थ्रिलर है। इसका पहला मोशन पोस्टर भी जारी किया गया है। दिल दहलाने वाले पोस्टर में अंधेरी रात, लालटेन और राक्षस दिखाया गया है। पोस्टर का बैकग्राउंड म्यूजिक भी रोंगटे खड़े करता है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए जैकी श्रॉफ ने कैप्शन में लिखा, 'रोशनी बुझने न देना, खेती जागने वाली है।' साथ ही फिल्म की स्टार कास्ट का नाम भी रिवील कर दिया गया है। फिल्म में जैकी और शरद के अलावा 'मिर्जापुर' की एक्ट्रेस नेहा सरगम भी अहम भूमिका में हैं। हारिस इम्तियाज खान के निर्देशन में बन रही 'काली खेती' की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। ब्लैककैनवस स्टूडियो के बैनर तले सना खान फिल्म का निर्माण कर रही हैं। यह फिल्म अगले साल 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और थ्रिलर का होगा जबरदस्त धमाका

अक्टूबर में थिएटर में आएगा इन साउथ फिल्मों का तूफान

नई दिल्ली। अक्टूबर 2026 की शुरुआत होने वाली है। उए महीना शानदार फिल्मों से भरा होने वाला है। अगर साउथ सिनेमा की बात करें तो इस महीने में एक या दो नहीं, बल्कि 11 जबरदस्त फिल्में थिएटर पर दस्तक देंगी। मलयालम तमिल और तेलुगू फिल्मों का धमाका होने वाला है। रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और जबरदस्त थ्रिलर इन फिल्मों में देखने के लिए मिलने वाला है।

बस्था : बस्था नाम की एक तमिल फिल्म थिएटर में दस्तक देने वाली है। ये एक एक्शन ड्रामा-थ्रिलर फिल्म होने वाली है। इस फिल्म में विजय सेतुपति और बालाजी थारानीथण अहम रोल में नजर आएंगे। फिल्म 1 अक्टूबर गुरुवार को थिएटर में दस्तक देगी।

येझू कदाल येझू मलाई : येझू कदाल येझू मलाई नाम की एक और तमिल फिल्म 1 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। फिल्म की कहानी दो अनजान शख्स की जर्नी की है। इस फिल्म में निविन पॉली, सूरी ने काम किया है। फिल्म 1 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

सिग्मा : सिग्मा नाम मी एक तमिल फिल्म आ रही है। ये जबरदस्त एक्शन से भरी एक एडवेंचर फिल्म होने वाली है जिसमें संदीप किशन लीड रोल में दिखेंगे। इसका डायरेक्शन जेसन संजय ने किया है। फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर में रिलीज हो रही है।

डोंट ट्रबल द ट्रबल : डोंट ट्रबल द ट्रबल एक तेलुगू फिल्म है जिसमें फहद फासिल लीड रोल में दिखेंगेहैं। फिल्म में जबरदस्त कॉमेडी और एक्टर्स नजर आने वाले हैं। 2 अक्टूबर को थिएटर में होगा धमाका।



अंबिल अवान : अंबिल अवान एक नवविवाहिता जोड़े की कहानी है। दोनों एक मुसीबत में फंस जाते हैं। फिल्म में एक्शन और रोमांस भर भर के देखने को मिलने वाला है। इस फलम में अशोक सेल्वन और प्रीति मुकुंदन ने लीड रोल निभाया है। फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

बेल : फिल्म बेल एक पुलिस ऑफिस की कहानी है जो मिलनसार होता है। लेकिन एक घटना उसका पूरा जीवन बदल देती है। इस फिल्म में संजना आनंद, गोपालकृष्ण देशपांडे और रमेश इंदिरा जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर।

आदर्श कुटुम्बम : आदर्श कुटुम्बम हाउस नंबर 47 नाम की फिल्म में एक्टर वेंकटेश ने लीड रोल निभाया है। इस तेलुगू फिल्म की कहानी हाउस नंबर 47 में रहने वाले एक परिवार की है। फिल्म एक्शन और क्राइम से भरी हुई है। इस फिल्म को आप 9 अक्टूबर को थिएटर में देख सकते हैं।

विश्वंभरा : विश्वंभरा नाम की एक फिल्म आ रही है। इस फिल्म की कहानी एक पौराणिक कथाओं पर आधारित है। फलम में देवी देवताओं , राजकुमार और परलोक की दुनिया को दिखाया गया है। ये फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। फिल्म में आशिका रंगनाथ, चिरंजीवी, मौनी रॉय लीड रोल में दिखेंगी।

राणाबली : विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी के बाद साथ में पहली फिल्म राणाबली रिलीज हो रही है। ये फिल्म 1870 के दशक के एक योद्धा की कहानी है जिसने ब्रिटिश के लोगों से टक्कर ली थी। फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

अप्पा कुट्टी : अप्पा कुट्टी नाम की एक तमिल फिल्म आने वाली है। फिल्म की कहानी एक फैमिली ड्रामा है जो एक्शन और से भरपूर है। अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए एक पिता क्या कदम उठता है ये उस बारे में हैं। फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इस फिल्म में विजय एंटोनी और प्रीति असरानी हैं।

टाइटन्स : टाइटन्स नाम की एक मलयालम फिल्म इस अक्टूबर, 2026 में दस्तक देने वाली है। फिल्म के नाम और पोस्टर से तो ये एक एक्शन फिल्म लग रही है। लेकिन असल में ये एक फैंटसी कॉमेडी ड्रामा है। फिल्म में जयसूर्या, विनायाकन दिखेंगे। ये फिल्म 22 अक्टूबर को थिएटर में रिलीज हो रही है।

खबर संक्षेप



नशा मुक्ति के प्रति विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

जशपुरनगर। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला जशपुर द्वारा जशपुरांचल इंग्लिश स्कूल, मधुवन टोली, जशपुर नगर में नशा मुक्ति एवं एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही एंटीबायोटिक दवाओं के अनावश्यक एवं गलत उपयोग से होने वाले एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को चिकित्सकीय सलाह के बिना एंटीबायोटिक का सेवन न करने, निर्धारित कोर्स पूरा करने तथा दवाओं के जिम्मेदार उपयोग का संदेश दिया गया।

पोषण स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

रायगढ़। सेवा, समर्पण और जनभागीदारी की भावना के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पोषण, स्वास्थ्य एवं बाल विकास को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम घरघोड़ा के वार्ड क्रमांक 12, बैहामुंडा-2, धर्मजयगढ़ के मधुबन पारा, छाल एवं गैरसा बाजार पारा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान बच्चों, माताओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद किया गया। उपस्थित लोगों को बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य देखभाल एवं समुचित बाल विकास के महत्व की जानकारी देते हुए जागरूकता का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्वस्थ एवं मजबूत समाज के निर्माण के लिए बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास की सभापति सुषमा खालखो, जिला पंचायत सदस्य रजनी राठिया, जनपद पंचायत खरसिया की अध्यक्ष रामकुमारी राठिया, जनपद पंचायत धर्मजयगढ़ की अध्यक्ष लीनाव राठिया एवं सामाजिक कार्यकर्ता पंकज लता यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में घरघोड़ा एवं धर्मजयगढ़ क्षेत्र के अधिकारीगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिकाएं भी उपस्थित रहीं।

3244 शिक्षार्थियों ने दी बुनियादी साक्षरता

रायगढ़। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा का आयोजन 27 सितंबर को जिलेभर में किया गया। परीक्षा को लेकर शिक्षार्थियों में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली। जिले के सभी विकासखण्डों में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में बड़ी संख्या में शिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक पहुंचकर परीक्षा में सहभागिता की। राज्य स्तर से जिले के लिए 2500 शिक्षार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके विरुद्ध जिले में 3244 शिक्षार्थियों ने आकलन परीक्षा में सहभागिता की। इस प्रकार निर्धारित लक्ष्य से 744 अधिक शिक्षार्थियों ने परीक्षा में शामिल होकर साक्षरता के प्रति अपने उत्साह और जागरूकता का परिचय दिया।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता के 33 विजेता पुरस्कृत

बच्चों की मजबूत शैक्षणिक नींव के लिए सीखने और पढ़ने की स्किल्स जरूरी

कहानी, कविता, स्पेलिंग बी और स्पोकन इंग्लिश में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





जिला प्रशासन और ओपन लिक्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों में भाषा कौशल विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित नन्हे सितारे कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता के 33 विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

नवीन सामुदायिक भवन में आयोजित पुरस्कार समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित किया गया। नन्हे सितारे कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक कविता प्रस्तुति, कहानी वाचन, स्पोकन इंग्लिश और स्पेलिंग बी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विकासखंडों में आयोजित प्रतियोगताओं में 1036 स्कूलों के 5587 विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कहानी वाचन, कविता वाचन, स्पेलिंग बी और स्पोकन इंग्लिश चार विधाओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार नेबच्चों को प्रोत्साहित करने में अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि विकसित करने के साथ उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास को निखारने के लिए शैक्षणिक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्पेलिंग, कहानी और कविता जैसी प्रतियोगिताएं बच्चों के भाषा कौशल, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति को मजबूत करने में प्रभावी भूमिका निभाती हैं। प्रारंभिक स्तर पर बच्चों में फंडामेंटल न्यूमेरेसी, लर्निंग और रीडिंग स्किल्स विकसित करना बेहद जरूरी है। यही बुनियादी कौशल आगे चलकर बच्चों में आत्मविश्वास और सीखने की क्षमता को मजबूत आधार प्रदान करते हैं।

घर बच्चों की पहली पाठशाला

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि घर बच्चे की पहली पाठशाला और माता-पिता उसके प्रथम शिक्षक होते हैं। इसलिए बच्चों की प्रतिभा को पहचानने, उसे निखारने और सही दिशा देने में अभिभावकों की जागरूकता आवश्यक है। शिक्षकों और अभिभावकों के समन्वित प्रयासों से बच्चों में सीखने की रुचि, आत्मविश्वास और भविष्य के लिए आवश्यक कौशल विकसित किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री नरेन्द्र सिन्हा, यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी श्री विनोद गुप्ता, ओपन लिंक फाउंडेशन के हेमंत साहू और शिक्षक, विद्यार्थियों के अभिभावक सहित अन्य उपस्थित रहे।

मजबूत बुनियादी कौशल जरुरी

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार किसी भवन की मजबूती उसकी नींव पर निर्भर करती है, उसी प्रकार बच्चों की शैक्षणिक सफलता भी मजबूत बुनियादी कौशल पर निर्भर करती है। नन्हे सितारे कार्यक्रम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिसके माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को पहचानने, उसे मंच देने और आगे बढ़ने का अवसर मिला है। उन्होंने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि नियमित पढ़ाई और पाठ्यक्रम के साथ अपनी रुचि लेकर बच्चों को अतिरिक्त शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के लिए तैयार करना सराहनीय है।

साय की विधायक निधि से होगा रंगमंच का निर्माण

जशपुरनगर। कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुंजारा के आश्रित ग्राम श्री टोला में ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है। दुर्गा पूजा स्थल पर हाई मास्ट लाइट स्थापित किए जाने के साथ ही मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की विधायक निधि से 3 लाख रुपए की लागत से रंगमंच का निर्माण कराया गया है। ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनआवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाओं का विस्तार होने से गांव में धार्मिक, सामाजिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हुई है। श्री टोला के दुर्गा पूजा स्थल पर हाई मास्ट लाइट की सुविधा उपलब्ध होने से अब रात्रिकालीन धार्मिक, सामाजिक एवं सामुदायिक आयोजनों के दौरान पर्याप्त रोशनी



की व्यवस्था रहेगी। इससे ग्रामीणों को विशेष रूप से दुर्गा पूजा सहित अन्य अवसरों पर कार्यक्रम आयोजित करने में सुविधा होगी। वहीं, विधायक निधि से निर्मित रंगमंच से पूजा-पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सामाजिक आयोजनों और अन्य सामुदायिक गतिविधियों के लिए स्थानीय स्तर पर बेहतर मंच उपलब्ध हो गया है। इससे ग्रामीणों को कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अतिरिक्त व्यवस्था करने की आवश्यकता नहीं होगी।

चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले का आरोपी बिहार से गिरफ्तार

रायगढ़। सोशल मीडिया पर बच्चों से संबंधित अश्लील सामग्री देखने और अपलोड करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुसौर पुलिस ने बिहार के मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन क्लीन हंट के तहत पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की लोकेशन ट्रेस की और ग्राम सुमेरा, थाना कुढ़नी से उसे हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया। आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर की साइबर टिप लाइन से प्राप्त सूचना के आधार पर मामले की जांच शुरू हुई थी। जांच में सामने आया कि बीते 25 मार्च को पुसौर थाना क्षेत्र के लारा एनटीपीसी इलाके से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो देखा और अपलोड किया गया था।

टैक्स बार एवं व्यापारी संघ की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग, जशपुर द्वारा आज विभागीय कार्यालय में टैक्स बार एवं जिला व्यापारी संघ के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जीएसटी विभाग की संयुक्त आयुक्त श्रीमती राखी अग्रवाल ने की। इस दौरान सहायक आयुक्त नरेन्द्र गोस्वामी एवं उनकी टीम और आयकर सलाहकार उपस्थित रहे। बैठक में जीएसटी पंजीयन, रिटर्न दाखिल करने, इनपुट टैक्स क्रेडिट, ई-वे बिल तथा जीएसटी से संबंधित नवीन प्रावधानों एवं संशोधनों पर विस्तार से चर्चा की गई।

संयुक्त आयुक्त राखी अग्रवाल ने टैक्स बार एवं व्यापारी संघ के सदस्यों को जीएसटी नियमों का सही तरीके से पालन करने, समय पर रिटर्न दाखिल करने तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान हेतु विभाग से सीधे संपर्क करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य व्यापारियों को सुविधा प्रदान करना एवं कर प्रणाली को और अधिक पारदर्शी बनाना है। सहायक आयुक्त नरेन्द्र गोस्वामी ने टैक्स बार एवं व्यापारी संघ से प्राप्त सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया। बैठक में उपस्थित टैक्स बार एवं व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे एवं विभाग के साथ पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारीगण एवं टैक्स बार के अधिवक्ता उपस्थित रहे।

2 अक्टूबर को पुसौर में लगेगा नेत्र शिविर

रायगढ़। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन में जिलेवासियों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। सेवा संकल्प अभियान के तहत 2 अक्टूबर को पुसौर में विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला स्वास्थ्य समिति, रायगढ़ द्वारा आयोजित यह शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पुसौर में प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। शिविर में नागरिकों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यकतानुसार चश्मा वितरण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़ के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगों की आंखों की जांच कर दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान की जाएगी। नेत्र परीक्षण के दौरान दृष्टि संबंधी समस्या पाए जाने पर हितग्राहियों को चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा।

सेवा संकल्प अभियानः विद्यार्थियों को मिला सफलता का मंत्र

जशपुरनगर। शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुरनगर में कैरियर गाइडेंस काउंसलिंग सेल द्वारा "सेवा संकल्प अभियान" के अंतर्गत प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र के नेतृत्व में कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कैरियर चयन, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार के अवसरों, कौशल विकास तथा लक्ष्य प्राप्ति के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमान शौर्य प्रताप सिंह जूदेव उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन अधिकारी दुर्गेश्वरी सिंह एवं दीपक गुप्ता उपस्थित थे।

जिला रोजगार अधिकारी दुर्गेश्वरी सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए रोजगार के विभिन्न अवसरों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की



तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन दी एवं नियमित अध्ययन और परिश्रम के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को उपलब्ध रोजगार एवं आजीविका के अवसरों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने विद्यार्थियों को अपनी क्षमता पहचानने, पहल करने तथा कौशल, चरित्र और ज्ञान विकसित करने के लिए प्रेरित किया। शौर्य प्रताप जूदेव ने विद्यार्थियों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन, आत्मविश्वास एवं निरंतर प्रयास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं अरविंद भगत ने शिक्षा में शॉर्टकट से बचते हुए समय के सदुपयोग और निरंतर मेहनत का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमरेन्द्र का विस्तृत एवं ओजस्वी उद्बोधन रहा। डॉ. अमरेन्द्र ने अपने विस्तृत और दिशा-निर्देशनात्मक उद्बोधन में विद्यार्थियों को जीवन में उच्च आदर्शों और व्यावहारिक ज्ञान को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रो जेआर भगत, शांता गुलाब लकड़ा, डॉ सरिता निकुंज, प्रो कीर्ति किरन केरकेट्टा, डॉ आनंद राम पैकरा, रिजवाना खातून, रजिस्ट्रार बीआर भारद्वाज, अतिथि विद्वान जनभागीदारी शिक्षक और सभी कार्यालयीन कर्मचारी, एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सहभागिता के संकल्प के साथ हुआ।

सेजेस मनोरा में वृहद पौधरोपण

जशपुरनगर। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मेरा युवा भारत जशपुर, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में सेवा संकल्प के तहत बुधवार को पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) मनोरा में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में विधिवत पौधरोपण के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं युवा स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण और लगाए गए पौधों के संवर्धन का संकल्प लिया। विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। माय भारत के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक हेमराज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि



वृक्षारोपण को जीवन का अहम हिस्सा बनाना चाहिए। पेड़ हमें ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि जीवन का आधार हैं। आज हर युवा को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। यह कार्यक्रम प्राचार्य संशोधन मिंज के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की सदस्य श्रीमती सुषमा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहीं। वहीं वन विभाग से कमला भगत, पुलिस विभाग से राठौर एवं उनकी टीम ने भी सहभागिता निभाई। मेरा युवा भारत की ओर से हेमराज सिंह, संजीव भगत और हरि भगत उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार से एमपी एक्का, शिवचरण भगत, सतीश तिग्गा, सुधा सिन्हा, कल्पना तिग्गा, विकास प्रधान, मुक्तेश्वर राम एवं रविकांत कश्यप सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

ई-कचरा प्रबंधन पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

जशपुरनगर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगांव में इको क्लब के तत्वावधान में ई-कचरा प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य जेआर मांझी ने की।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ई-कचरे के उचित प्रबंधन की जानकारी देते हुए बताया गया कि मोबाइल, कंप्यूटर, चार्जर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा लिथियम बैटरियों को सामान्य कचरे के साथ फेंकना या जमीन में दबाना पर्यावरण के लिए हानिकारक हो सकता है। ई-कचरे में मौजूद विभिन्न रसायन एवं धातुएँ मिट्टी और भूजल को प्रदूषित कर सकती हैं। वहीं लिथियम बैटरियों को क्षतिग्रस्त अथवा



अनुचित तरीके से रखने पर आग लगने का खतरा भी बना रहता है।विद्यार्थियों को ई-कचरे को अलग-अलग एकत्र करने, उसे जलाने अथवा जमीन में दबाने से बचने तथा अधिकृत ई-वेस्ट संग्रह एवं पुनर्चक्रण केंद्रों तक पहुंचाने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर व्याख्याता ज्योति तिर्की, प्राचार्य श्री मांझी प्रभुदान कुजूर, रम्भा सिंह, सुमन करकेट्टा, इको क्लब कार्यक्रम के प्रभारी मिथलेश कुमार पाठक आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह सितंबर 2026 का बिल निम्नानुसार है

विवरण	दर	राशि
10 दिन	4.00	40.00
20 दिन	5.00	100.00
30 दिन,	कुल योग=	140.00

कृपया पाठकगण माह सितंबर 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अक्टूबर 2026 तक जमा करें।
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

महाविद्यालय परिसर में वृहद एवं सराहनीय स्वच्छता अभियान

एनसीसी सीनियर कैडेट्स ने चलाया व्यापक स्वच्छता अभियान

जशपुरनगर। शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर नगर में 30 सितंबर 2026 को एनसीसी सीनियर डिवीजन के कैडेट्स द्वारा महाविद्यालय परिसर में एक वृहद एवं सराहनीय स्वच्छता अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

यह अभियान 28 बटालियन एनसीसी रायगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल प्रवीण तबेतिया एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमरेंद्र के दिशा-निर्देशन में तथा एनसीसी अधिकारी कैप्टन आनन्द राम पैकरा के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं और समाज में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा सामुदायिक सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। परिसर की स्वच्छता और श्रमदान रहा।सुबह से ही एनसीसी सीनियर डिवीजन के कैडेट्स ने अनुशासित होकर महाविद्यालय के मुख्य भवन, प्रशासनिक खंड, खेल मैदान, उद्यान तथा



आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता कार्य प्रारंभ किया। कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक कचरे का निस्तारण किया, झाड़ियों की छंटाई की और पूरे परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों ने उपस्थित रहकर कैडेट्स का मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में डॉ. जेपी कुजूर, कीर्ति किरण केरकेट्टा, प्रो.प्रवीण सतपति एवं प्रो.वरुण श्रीवास की विशेष उपस्थिति रही। अभियान में सीनियर डिवीजन के कैडेट्स साहिल सिंह, राहुल भगत, कमलेश्वर सिंह, चंदन राम, मोदी संजय यादव, जेड लीलम पैकरा, निकिता कुजूर, भवानी पैकरा, लीलावती, रोशन भगत, करण राम, आशीष भगत, सुचिता भगत, उषा बाई, सागर राम, सत्यम राम, प्रकाश भगत, अभय कुमार महतो, बाल रूप यादव, सूरज यादव, अभिषेक भारती, इच्छा इक्का, नम्रता खाखा, आस्था भगत, शिवानी भगत, नमिता बाई, प्रीति प्रजापति तथा निकिता मिंज सहित भारी संख्या में कैडेट्स ने पूरे निष्ठाभाव से श्रमदान किया। कार्यक्रम के अंत में कैप्टन आनन्द राम पैकरा ने सभी कैडेट्स एवं उपस्थित प्राध्यापकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए।

बासनताला स्कूल में दिया स्वच्छता का संदेश



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 30 सितंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बासनताला में साइबर अपराध जागरूकता, स्वच्छता और पौधारोपण सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद रईसुल हसन खान के नेतृत्व में हुआ। साइबर जागरूकता एवं स्वच्छता का संदेश देने नारायणपुर थाना से प्रधान आरक्षक रंजीत खलखो के नेतृत्व में पुलिस टीम विद्यालय पहुंची। टीम में प्रधान आरक्षक पूरनचंद पटेल, अनान्यूस टोप्पो, आरक्षक संजू कुजूर तथा सैनिक ओम प्रकाश यादव और वीरेंद्र भगत शामिल रहे। विद्यालय परिवार ने पुलिस टीम का बैज लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्रधान आरक्षक रंजीत खलखो ने विद्यार्थियों को साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों और उनसे बचने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी व बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने तथा साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल शिकायत करने के प्रति जागरूक किया।

